26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 8 नवम्बर, 2025

अंक- 15 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

## माली में भीषण संकट, अलकायदा-ISIS ने किया 5 भारतीयों का अपहरण

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** माली में पांच भारतीय नागरिकों का अपहरण कर लिया गया है, अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। यह पश्चिम अफ्रीकी देश अलकायदा और आईएसआईएस से जुड़े आतंकवादी समूहों द्वारा संचालित बढ़ती हिंसा से जूझ रहा है। सूत्रों के अनुसार, कुछ हथियारबंद लोगों ने गुरुवार को पश्चिमी माली के कोबरी के पास भारतीयों का अपहरण कर लिया। एक सुरक्षा सूत्र ने बताया कि ये लोग स्थानीय विद्युतीकरण परियोजनाओं से जुड़ी एक कंपनी में कार्यरत थे। कंपनी के एक प्रतिनिधि ने एएफपी को बताया कि अन्य सभी भारतीय कर्मचारियों को राजधानी बमाको पहुंचा दिया गया है। अभी तक किसी भी समूह ने अपहरण की जिम्मेदारी नहीं ली है। प्रतिनिधि ने कहा, हम पांच भारतीय नागरिकों के अपहरण की पुष्टि करते हैं। कंपनी में काम करने वाले अन्य भारतीयों को राजधानी बमाको पहुंचा दिया गया है। सैन्य जुंटा द्वारा शासित माली वर्षों से अस्थिरता और बढ़ती चरमपंथी हिंसा का सामना कर रहा है। अलकायदा से जुड़े इस्लाम और मुसलमानों के समर्थन समूह (जेएनआईएम) ने हाल ही में ईंधन की आपूर्ति पर प्रतिबंध को और कड़ा कर दिया है, जिससे पहले से ही गंभीर आर्थिक संकट और भी बदतर हो गया है।

## 'वंदे भारत' देश की विरासत को विकास से जोड़ने का अहम सूत्र- मोदी

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में चार नयी 'वंदे भारत' एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि देश के अनगिनत तीर्थ क्षेत्र वंदे भारत के नेटवर्क से जुड़ रहे हैं और यह भारत की विरासत के शहरों को देश के विकास का प्रतीक बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के बनारस रेलवे स्टेशन पर चार नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये नयी रेलगाड़ियां बनारस-खजुराहो, लखनऊ- सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एर्नाकुलम-बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी। इस मौके पर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। मोदी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि भारत में सदियों से तीर्थ यात्राओं को देश की चेतना का माध्यम कहा गया है। ये यात्राएं केवल देव दर्शन का मार्ग नहीं हैं, बल्कि भारत की आत्मा को जोड़ने वाली परंपरा भी है। प्रयागराज, अयोध्या, हरिद्वार, चित्रकूट और कुरुक्षेत्र जैसे अनगिनत




तीर्थ क्षेत्र हमारी आध्यात्मिक आस्था के केंद्र हैं। उन्होंने आस्था के केंद्रों को वंदे भारत के नेटवर्क से जोड़े जाने का जिक्र करते हुए कहा, 'आज जब यह पावन धाम वंदे भारत के नेटवर्क से जुड़ रहे हैं तो एक तरह से यह भारत की संस्कृति, आस्था और विकास की यात्रा को जोड़ने का भी काम हुआ है। यह भारत की विरासत के शहरों को देश के विकास का प्रतीक बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे भारत भारतीयों की, भारतीयों द्वारा, भारतीयों के लिये बनायी गयी ट्रेन है।

इस पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिये। वर्तमान में वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी रेल रेलगाड़ियां भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव तैयार कर रही हैं। यह भारतीय रेलवे को रूपांतरित करने का एक पूरा अभियान है। उन्होंने कहा, 'यह हमारे देश की ताकत है और अब तो विदेशी यात्री भी वंदे भारत को देखकर अचंभित होते हैं। आज जिस तरह से भारत ने विकसित भारत के लिए अपने साधनों को श्रेष्ठ बनाने का अभियान शुरू किया है, यह ट्रेन उनमें एक मील का पत्थर बनने जा रही है।' प्रधानमंत्री ने तीर्थ यात्राओं के आर्थिक पहलू का भी जिक्र करते हुए कहा, 'इन यात्राओं का एक आर्थिक पहलू भी होता है, जिसकी उतनी चर्चा नहीं होती है। पिछले 11 वर्षों में उत्तर प्रदेश में हुए विकास कार्यों ने तीर्थाटन को एक नये स्तर पर पहुंचा दिया है। पिछले साल बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए 11 करोड़ श्रद्धालु काशी आए थे। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद छह करोड़ से ज्यादा लोग रामलला के दर्शन कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को इन श्रद्धालुओं ने हजारों करोड़ रुपये का लाभ पहुंचाया है। इन सबकी वजह से उत्तर प्रदेश में समृद्धि का द्वार खुल रहा है।' प्रधानमंत्री ने काशी की स्थानीय बोली में उपस्थित लोगों को प्रणाम करते हुए नयी वंदे भारत ट्रेन को का संचालन शुरू होने की बधाई दी। उन्होंने देश के विकास में मूलभूत ढांचे के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'दुनिया भर के विकसित देशों में आर्थिक विकास का बहुत बड़ा कारण वहां का बुनियादी ढांचा रहा है।

**For Rent**

2 BHK Flat, 4 BHK Flat
2 BHK Flat with open terracl
1 Showroom aviail-able for Rent
Location- Krishna Plaza, Near SRS Mall Shakti Chowk, Bijnor
Contact No.: 8899505500

**ज़मीन बिकाऊ**

बिजनौर नगर पालिका क्षेत्र से एक किमी दूर नगीना रोड पर स्थित गांव पेदी में सात बीघा कमर्शियल जमीन बिकाऊ
संपर्क 9873687378/ 8307293020

# बिजनौर में खुल गया है

ATHER ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह एथर का शोरूम

**Dhruvika Motors**

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 8192801901

**होटल में स्टाफ की आवश्यकता**

2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी
वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

2. वेटर/बेल ब्वॉय
वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार ( दिन/रात शिफ्ट )
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747

# हॉकी इंडिया के 100 साल पूरे होने पर जश्न मनाया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** हॉकी इंडिया के गौरवशाली 100 साल पूरे होने पर नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम पर सीनियर खिलाड़ियों ने जश्न मनाया। इस अवसर पर हॉकी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों खालिद असरार, विकल महर्षि, शकील अहमद, अचल महर्षि, राजेंद्र सिंह सोढी, श्रीमती शबनम जैदी, बबीता शर्मा, राजेश, कपिल, शाहनवाज आलम, नगमा परवीन, अभिनव वॉटर, विजय कुमार, मुशब्बर, श्रीमती मिथिलेश देवल आदि का नेहरू स्टेडियम में जमावड़ा रहा।

इस मौके पर एक जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें बिजनौर की ए टीम ने बिजनौर की भी टीम को 6 के मुकाबले 5 गोल से पराजित कर किताब पर अपना कब्जा कर लिया।

इस यादगार मौके पर धारा फाइनेंस की ओर से सभी सीनियर खिलाड़ियों को धारा फाइनेंस के एमडी के पुत्र वंश चौधरी ने पटका और माला पहनाकर स्वागत किया।

धारा फाइनेंस कंपनी की उमा चौधरी और राधिका का इस भव्य कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी राजकुमार का कहना है कि हॉकी एक खेल नहीं, बल्कि यह हमारे देश की गौरवशाली खेल संस्कृति और सामाजिक एकता की प्रतीक है। नेहरू स्टेडियम की हॉकी कोच चित्रा चौहान ने बताया कि इंडिया हॉकी के गौरवशाली इतिहास के अवसर पर हमारा मकसद सभी सीनियर खिलाड़ियों को इकट्ठा करना और उनका सम्मान करना था। स्टेडियम पर छोटे-छोटे बच्चे हॉकी खेल रहे हैं, उनको भी सीनियर खिलाड़ियों से मिलवाना हमारा मकसद रहा, जिससे कि जूनियर खिलाड़ियों को वरिष्ठ खिलाड़ी मार्गदर्शन कर सके। इस यादगार पल पर हुए भव्य कार्यक्रम का संचालन शकील अहमद ने किया।

# जिला स्तरीय क्रिकेट लीग, पहला मैच नगीना ने जीता



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नेहरू स्टेडियम बिजनौर में बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जिला स्तरीय अन्डर 19 क्रिकेट लीग का शुभारंभ माई भारत के उपनिदेशक निशांत रोतेला द्वारा किया गया। इस अवसर विशिष्ट अतिथि राजकुमार जिला क्रीड़ा अधिकारी बिजनौर रहे। उद्घाटन उपरांत अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। लीग में छः टीम प्रतिभाग कर रही हैं। उद्घाटन मैच नगीना तहसील और नजीबाबाद तहसील के बीच खेला गया, जिसमें नजीबाबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में एक विकेट पर 233 रन बनाए, जिसमें अर्श जैदी ने 108 नाबाद व नीलेश ने नाबाद 99 रनों का योगदान किया। जवाब में नगीना की टीम ने 29.5 ओवरों में 4 विकेट खोकर 237 रन बनाकर मैच जीत हासिल की जिसमें आरिश ने 55 व फैज़ ने नाबाद 97 रन बनाये। अंपायर अमित कुमार और आर्यमन चौधरी व स्कोरर अभिषेक रहे। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन विरेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर नागेन्द्र सारस्वत, संजीव चौधरी, मानव सचदेवा, दीपक भटनागर, अचल कुमार, अचल महर्षि, विकल महर्षि, मुनीश त्यागी, योगेश्वरदत्त त्यागी, योगेन्द्रपाल सिंह योगी अध्यक्ष विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश, तुषार मालिक, शारीक, नासिर, अजय वत्स, निरंकार चौधरी, इकबालुदीन, मलिक बेग, ज्ञान वर्मा, पुनिश कुमार, परोपकार,अहमर, महताब आदि उपस्थित रहे।।

# बेटे अब्दुल्ला संग आजम ने अखिलेश से की मुलाकात

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान ने अपने बेटे अब्दुल्ला आजम के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से शुक्रवार को मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए आजम खान ने कहा कि बिहार में बदलाव आने जा रहा है। बिहार जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं बिहार चला जाऊं तो क्या होगा। बिहार में बदलाव होने जा रहा है। उन्होंने बिहार की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। वहीं अखिलेश यादव ने एक्स पर मुलाकात की फोटो साझा करते हुए, लिखा कि न जाने कितनी यादें संग ले आए, जब वो आज हमारे घर आए। वह आगे लिखते हैं कि ये जो मेल मिलाप है, यही हमारी साझा विरासत है। उल्लेखनीय है कि आजम खान कोर्ट से सजा होने के बाद लम्बे समय तक जेल में रहे। उनकी सांसदी भी चली गयी। अब वह कोर्ट से कई मामलों में बरी होकर जेल से बाहर हैं।



# कुपवाड़ा में मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने दो घुसपैठियों को किया ढेर, सर्च ऑपरेशन जारी

**कुपवाड़ा ( एजेंसी/चिंगारी )।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है। सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है। इसी के साथ सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। इलाके में फिलहाल सर्च ऑपरेशन जारी है। इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स ने दी है। खुफिया एजेंसियों से मिले विशेष इनपुट के आधार पर सेना और अन्य सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में एक संयुक्त अभियान शुरू किया था। चिनार कॉर्प्स के अनुसार, यह अभियान घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करने के लिए चलाया गया। ऑपरेशन के दौरान सतर्क जवानों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और आतंकियों को चेतावनी दी, जिसके जवाब में आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया है। इलाके में सर्च ऑपरेशन अभी जारी है और अतिरिक्त बलों को भी तैनात किया गया है।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया






**मवाना ( चिंगारी )।** राजकीय पॉलिटेक्निक मवाना खुर्द मेरठ में मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. पूजा भाटी ने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता पर छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया। डॉ. पूजा भाटी ने महिलाओं के स्वास्थ्य 'स्वच्छता संवाद' जैसे कार्यक्रम मासिक धर्म जैसी प्राकृतिक प्रक्रियाओं के बारे में व्याप्त झिझक को दूर करने में भी जागरूक किया। पोषण अभियान के तहत, छात्राओं को उनके स्वस्थ जीवनशैली के लिए भी प्रेरित किया।

प्रधानाचार्य आशीष कुमार ने बताया हर गांव और शहर में मिशन शक्ति केंद्रों की स्थापना की गई है, जहां महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी जाती है। पुलिस की सक्रियता और महिला पुलिस अधिकारियों की तैनाती से सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा का भाव मजबूत हुआ है। कार्यक्रम संचालन कर रहे डॉ. जैनेन्द्र सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति के इन प्रयासों से, उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। यह अभियान साबित करता है कि जब शासन और समाज मिलकर काम करते हैं, तो सकारात्मक बदलाव संभव है। मिशन शक्ति अधिकारी श्रीमती उर्मिला कुमारी ने मुख्य अतिथि का आभार प्रकट किया और आह्वान किया कि हम सब मिलकर इस मिशन शक्ति का समर्थन करें, ताकि प्रदेश की हर बेटी, हर महिला सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बन सके। अंत में छात्र-छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार फ्री टैबलेट योजना के तहत टैबलेट वितरण किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, अमित सिंह, रवि चौधरी, मनोज कुमार, श्वेता सिंह, प्रेरणा गर्ग, पूजा, अनुराग बालियान, सुनील गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

## छात्रा-छात्राओं को टैबलेट भी वितरित किये

पांच दिन से लापता अधेड़ का आम के बाग में मिला शव, पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप (पेज 10)



# शिक्षक विहीन हुआ मुबारकपुर खेमा स्कूल

## तीन के बाद चौथे शिक्षक को भी बीएलओ बनाया

**बिजनौर (चिंगारी)। चुनाव आयोग के एसआईआर अभियान अंतर्गत हल्दौर ब्लॉक का प्राथमिक विद्यालय मुकरपुर खेमा अस्थाई तौर पर शिक्षक विहीन हो गया है, जिसमें कार्यरत चार शिक्षकों में तीन शिक्षकों की बीएलओ में ड्यूटी होने के बाद चौथे की ड्यूटी भी चुनाव में लगा दी।**

बिजनौर नगर (हल्दौर ब्लॉक) के प्राथमिक विद्यालय मुकरपुर खेमा में 80 छात्र पंजीकृत हैं, जिनके लिए चार अध्यापक कार्यरत हैं। चुनाव कार्यक्रम के अंतर्गत तीन शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ और पदाभिहित अधिकारी के रूप में लगाई गई है। वर्तमान में निर्वाचन आयोग की ओर से आयोजित पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में पहले से कार्यरत तीन शिक्षकों के बाद शेष चौथी शिक्षिका रीना शर्मा सहायक अध्यापिका की ड्यूटी भी चुनाव कार्यक्रम में लगा दी गई है, जिसके उपरांत अस्थाई तौर पर स्कूल शिक्षक विहीन हो गया है। आरोप है कि पास का ही प्राथमिक विद्यालय रामपुर बकली में 10 शिक्षक कार्यरत हैं, जिनमें से महज एक शिक्षिका की ड्यूटी बीएलओ में थी, जिसके सीसीएल पर जाने के उपरांत अधिकारियों ने उक्त स्कूल को छोड़कर रीना शर्मा को भी चुनाव ड्यूटी में लगा दिया है। चारों शिक्षकों की ड्यूटी चुनाव में लगाने से स्कूल की शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो गई है। मामले की जानकारी अभिभावकों को मिलने पर उनमें भी रोष व्याप्त है। अभिभावकों ने भी शिक्षा विभाग में अधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों पर भेदभावपूर्ण नीति अपनाने का आरोप लगाया।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# ब्रह्माकुमारीज़ केंद्र ने निकाली नशामुक्ति यात्रा




**बिजनौर (चिंगारी)।** नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज़ केंद्र बिजनौर की ओर से एक प्रेरणादायक रथयात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता फैलाना और लोगों को आत्म-शक्ति एवं राजयोग ध्यान के माध्यम से नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था।

रथयात्रा का शुभारंभ ब्रह्माकुमारीज़ केंद्र बिजनौर से हुआ, जिसका संचालन मुख्य संचालिका बी.के. सुरेश दीदी के निर्देशन में किया गया। इस पवित्र सेवा में बी.के. अनीता दीदी, अनुज भाई, यशवंत भाई, रवि भाई सहित कई सेवाधारी भाई-बहनों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

रथयात्रा नगर के प्रमुख स्थलों- नगरपालिका चौराहा, शक्ति चौराहा, थाना चौराहा, सिंचाई कॉलोनी, ब्राह्मण मोहल्ला, हेमराज कॉलोनी और नवलपुर गांव से गुज़री। प्रत्येक स्थान पर स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों और युवा वर्ग ने यात्रा का स्वागत किया और नशा मुक्त जीवन का संकल्प लिया। यात्रा के दौरान बहनों ने शांति गीत और नारे लगाकर लोगों में आध्यात्मिक जागृति का संदेश पहुंचाया। कार्यक्रम के अंत में बी.के. सुरेश दीदी ने कहा 'नशा केवल शरीर को नहीं, आत्मा की शक्ति को भी क्षीण करता है। आत्म-सशक्तिकरण के लिए राजयोग ध्यान आवश्यक है।'

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक कल नहटौर में

बिजनौर (चिंगारी)। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पंजीकृत उत्तर प्रदेश इकाई जनपद बिजनौर की आम सभा की महत्वपूर्ण बैठक कल 9 नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे ब्लॉक नहटौर के डबाकरा हॉल में ब्लॉक इकाई के तत्वावधान में आयोजित होगी। बैठक में वर्ष 2026 के लिए सदस्यता नवीनीकरण हेतु फॉर्म जमा कराना, माह फरवरी 2026 में होने वाले जिला स्तरीय सम्मेलन पर चर्चा, सदस्यता अभियान के तहत नवीन सदस्यों को संगठन से जोड़ना, निष्क्रिय सदस्यों पर निर्णय सहित कई मुद्दों पर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. भानुप्रकाश वर्मा ने सभी पदाधिकारी/सदस्यों से बैठक में समय से प्रतिभाग किए जाने को कहा है।

## बस में रखे बैग से नक़दी और आभूषण निकाले

**नहटौर (चिंगारी)।** अमरोहा जा रहे दंपति के बस में बैग से आभूषण और नकदी चोरी कर ली। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार की सायं को अमरोहा के कस्बा सैद नंगली के मोहल्ला मदीना मस्जिद निवासी फहीम अहमद पुत्र मौ. अजहर अपनी पत्नी के साथ कोतवाली देहात से रोडवेज बस से अमरोहा जा रहा था। नहटौर के आसपास रोडवेज बस में रखे बैग से अज्ञात लोगों ने 4500 की नकदी व चांदी की पाजेब साफ कर दी। मामले की जानकारी मिलते ही बस में हड़कंप मच गया। नहटौर में हल्दौर पुलिस चौकी पर दम्पति ने शिकायत की। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।


फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

**भली लगे या बुरी...**

## बिहार चुनाव के निहितार्थ


बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर हैं। माना जा रहा है कि बिहार के चुनाव परिणाम का असर दिल्ली के सिंहासन पर भी पड़ेगा। सबसे ज्यादा कयास नीतीश कुमार को लेकर लगाये जा रहे हैं। उनका यह नहीं पता कि चुनाव के बाद वे किधर जायेंगे। उनकी पलटूराम की छवि को लेकर कयासबाजी जोरों पर है। बिहार में पहले चरण में 121 सीटों पर मतदान के बाद बिहार विधानसभा चुनाव में अब बाकी सीटों पर 11 नवंबर को मतदान होगा और 14 नवंबर को नतीजे जनता के सामने आ जाएंगे। बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग तथा 'इंडिया' के बीच मुख्य टक्कर है। हालांकि प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी तीसरा कोण बनने का प्रयास कर रही है। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी-आप, बहुजन समाज पार्टी-बसपा तथा असदुद्दीन ओवैसी की आल इंडिया मजलिसे इत्तिहादुल मुसलमीन-एआईएमआईएम कुछ सीटों पर चुनावी समीकरण बिगाड़ सकते हैं। राजग और 'इंडिया' गठबंधनों में कुछ सीटों पर आपस में टकराव है। इस बार चुनाव में जहां राष्ट्रीय जनता दल-राजद व कांग्रेस के नेतृत्व में 'इंडिया' गठबंधन 20 साल से सत्ता में जमे नीतीश कुमार नीत जदयू-भाजपा गठबंधन को उखाड़ फेंकना चाहता है, वहीं भाजपा नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर अपनी सरकार बनाने के लिए प्रयासरत है। राजग चिराग पासवान के साथ आने से मजबूत स्थिति में है, जबकि 'इंडिया' गठबंधन वीआईपी नेता मुकेश सहनी के साथ आने से नीतीश का वोट बैंक माने जाने वाले अति पिछड़ा वर्ग-ईबीसी में सेंध लगाने का प्रयास कर रहा है। संभवतः इसी कारण उसने चुनाव जीतने पर मुकेश सहनी को उप-मुख्यमंत्री बनाने की बात कही है। हालांकि, अन्य जातीय समूहों द्वारा प्रतिक्रिया करने पर तेजस्वी यादव ने कई उप-मुख्य मंत्री बनाने की बात भी कह दी है। उनका संकेत संभवतः प्रमुखतः मुस्लिम मतदाताओं की ओर है जिनके बड़े हिस्से के एआईएमआईएम की ओर जाने की आशंका है। इसी कारण एक सीट पर वीआईपी ने अपने एक उम्मीदवार को हटा कर राजद के बागी मुस्लिम उम्मीदवार का समर्थन करने की घोषणा की है।




# चिंगारी : चालीस वर्षों की एक उजली यात्रा

समय का प्रवाह निरंतर बहता रहता है- वह रुकता नहीं, थमता नहीं, परंतु अपने साथ कुछ ऐसे साक्ष्य छोड़ जाता है, जो समाज की चेतना को दिशा देते हैं। 'चिंगारी सांध्य दैनिक' भी ऐसे ही समय-साक्ष्यों में से एक है, जिसने अपनी चालीस वर्ष की यात्रा में न केवल समाचारों का संसार रचा, बल्कि समाज की नब्ज़ को पहचानते हुए विचारों की लौ प्रज्वलित रखी।

सन् 1985 में जब इस अख़बार की पहली प्रति छपी थी, तब शायद किसी ने नहीं सोचा था कि यह छोटी-सी 'चिंगारी' आने वाले दशकों में जनचेतना की मशाल बन जाएगी। तब देश सामाजिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा था। लोकतंत्र की धारा नये प्रश्नों से टकरा रही थी और पत्रकारिता जनता की आवाज़ बनने के लिए संघर्षरत थी। ऐसे समय में 'चिंगारी सांध्य दैनिक' ने अपने नाम के अनुरूप समाज में संवेदना, सवाल और सत्य की चिंगारी जगाई।




हर शाम जब पाठक इसकी प्रतिक्षा करते, तो यह अखबार केवल खबरें नहीं, बल्कि उस दिन का लोक-चरित्र और जनभावना लेकर आता। गांवों की गलियों से लेकर नगरों की सड़कों तक इसकी पंक्तियां आमजन के संघर्षों और सपनों को अभिव्यक्त करती रहीं।

संपादकीय, लेखों में जहां व्यवस्था की विसंगतियों पर गहरी दृष्टि दिखाई देती रही, वहीं इसके साहित्यिक पृष्ठ ने कविता, कहानी, निबंध और समीक्षा के माध्यम से सृजनशीलता की एक नई परंपरा को जन्म दिया। अनेक युवा रचनाकारों ने इसी मंच से अपनी लेखनी को पहचान दिलाई।



इन चालीस वर्षों में तकनीक ने रूप बदले-

हाथ से लिखे समाचार अब डिजिटल स्क्रीन पर उतर आए, छपाई मशीनों की जगह कंप्यूटर ले चुके हैं, लेकिन 'चिंगारी सांध्य दैनिक' की आत्मा वही रही-जनसरोकार, नैतिकता और लोकहित की प्रतिबद्धता।

यह अख़बार न केवल घटनाओं का दर्पण बना रहा, बल्कि उसने जनमत निर्माण की भूमिका भी निभाई। किसानों के आंदोलन हों, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के प्रश्न हों या फिर स्थानीय संस्कृति और लोकभाषा के संवर्धन की बात 'चिंगारी सांध्य दैनिक' हर मोर्चे पर उपस्थित रहा।

आज जब यह अखबार अपनी चालीसवीं वर्षगांठ मना रहा है, तब यह केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक यात्रा का प्रतीक है- उस यात्रा का जिसमें स्याही ने समाज के धड़कते हुए दिल को छुआ है।

इसने साबित किया है कि पत्रकारिता केवल खबरों का व्यवसाय नहीं, बल्कि जनसेवा का साहित्यिक कर्म है।

'चिंगारी सांध्य दैनिक' ने हमें सिखाया है कि शब्द जब सत्य, संवेदना और साहस के साथ लिखे जाते हैं, तो वे इतिहास बन जाते हैं।

इन चालीस वर्षों की यात्रा में 'चिंगारी सांध्य दैनिक' ने न केवल समय का दस्तावेज़ लिखा, बल्कि उन अनगिनत चेहरों की कहानियां भी दर्ज कीं, जो अपने संघर्षों से समाज को रोशनी देते रहे। यह यात्रा आगे भी यूं ही जारी रहे- हर शब्द में एक चिंगारी, हर ख़बर में एक सांध्य की उम्मीद।

**डॉ. अरविन्द राजपूत**
नॉर्थ इंडिया कॉलेज ऑफ़ हायर एजुकेशन, नजीबाबाद

## नज़्म

### रोज़ पढ़ूंगा मैं चिंगारी...

थक हार के घर मैं लौटा
बिज़नेस में हुआ था टोटा
लेट गया था, मैं कमरे में
चैन न आता था सदमे में
देख पिता का बेटी हाल
हद से हो गई वो बेहाल
बोली बेटी, कुछ तो बोलो
कसम है तुमको मुंह तो खोलो
इतने क्यों उदास हो पापा
तुम तो मेरे ख़ास हो पापा

पापा का भी दिल भर आया
किस्सा लाडो को सुनाया
इतनी सी बस बात है पापा
क्यों खोते हो अपना आपा

देख के मेरे दिल को भारी
उसने दी दैनिक चिंगारी
और कहा तुम इसको पढ़ लो
ज्ञान ज़रा सा अर्जित कर लो
पढ़ इसको मन फ्रैश हुआ
चाहे बिज़नेस क्रैश हुआ

ख़बरें इसकी पढ़कर सारी
संपादक का हूं आभारी
डिप्रेशन से मुझे निकला
छूट गया है मय का प्याला

अब ये मैंने सोच लिया है
सोच समझकर प्रण लिया है
हल्की हो या तबियत भारी
रोज़ पढ़ूंगा मैं चिंगारी...



डा.अतीक 'दानिश'
स्वतंत्र लेखक एवं सहित्यकार
मो.7906141418

# भाजपा ने किया एसआईआर से संबंधित कार्यशाला का आयोजन

## गलतियों को ठीक करायें, नये मतदाताओं के नाम जुड़वायें



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भाजपा की ओर से मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित विधानसभा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया थे। उन्होंने संगठन के सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और मतदाता पुनरीक्षण कार्य की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी।

सतेन्द्र सिसौदिया ने अपने संबोधन में कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर नये मतदाताओं के नाम जोड़ने एवं त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों को सुधारने का कार्य पूर्ण निष्ठा से करें।

कार्यशाला में वक्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर बल दिया तथा आगामी निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए सभी से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित एवं संगठन सशक्तिकरण के संकल्प के साथ किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह बॉबी, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती सुमन त्यागी, पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी, भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री चौ. सुधीन्द्र सिंह, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पुष्कर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी, मंडल अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, नवनीत राणा, राकेश सैनी, मीनू राजपूत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का आयोजन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर एवं राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, चादपुर के संयुक्त तत्वावधान में लिन्कन यूनिवर्सिटी कॉलेज, मलेशिया के सहयोग से एक अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. एमआर वर्मा गुरुकुल कांगड़ी वि. वि. हरिद्वार), प्रो. जे.पी. पांडे (वी.सी.एकेटीयू लखनऊ) व विशिष्ट अतिथि प्रो. संदीप पोद्दार (डिप्टी वॉइस चांसलर लिन्कन यूनिवर्सिटी कॉलेज, मलेशिया), डा. एनपीएस नारंग, प्रो. पी.के. गर्ग आईआईटी रूड़की रहे। कॉलेज कोषाध्यक्ष स्वाति वीरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य इंजीनियरिंग, साइंस एवं मैनेजमेंट के माध्यम से सतत विकास की दिशा में सशक्तिकरण विषय पर विचार-विमर्श करना है।

कॉलेज निदेशक प्रो. डा. अमित कुमार बंसल ने बताया कि यह कार्यक्रम हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) दोनों माध्यमों में आयोजित किया गया, जिससे देश-विदेश के शोधार्थी, शिक्षाविद् एवं उद्योग विशेषज्ञ ने भाग लिया। इस अवसर पर डीन एकडेमिक्स मनोज कुशवाहा एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, डॉ. शुएब अली खान एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, डॉ. अजय कुमार, गौरव गुप्ता, डा. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, सुधीर कुमार एवं उज्जवल कुमार, श्वेता गौड़, सुनील भारद्वाज, एनपीएस भण्डारी आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# महिलाओं ने रविदास मंदिर पर किया खिचड़ी का वितरण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नारी शक्ति संगठन की महिलाओं ने कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान के उपलक्ष में बुखारा चुंगी के निकट रविदास मंदिर पर खिचड़ी का वितरण किया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष पूनम गोयल ने कहा कि कार्तिक शुक्ल गंगा स्नान पर खिचड़ी दान करने पर विशेष पुण्य प्राप्त होता है। जिससे जन्म-जन्मान्तर के पापों का नाश होता है और सुख समृद्धि एवं अक्षय मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह दान स्नान और पूजा के माध्यम से भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त करने का एक तरीका है। खिचड़ी वितरण करने में संगठन की महामंत्री शिवानी चौहान, उपाध्यक्ष गार्गी अग्रवाल, निधि वर्मा, राखी गुप्ता, वंदना गुप्ता, मंत्री संतोष, रिंकी मसीह,



शिखा गुप्ता, करुणा अग्रवाल, मनीषा गुप्ता, कोषाध्यक्ष मोनिका अग्रवाल, मीडिया प्रभारी माही मसीह, सदस्य जावित्री, पूजा, ईरा आदि उपस्थित रहीं।

# सपा कार्यालय को लेकर विवाद, ज्ञापन दिया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। हिंदू संगठनों के नेताओं ने आरोप लगाया है कि पार्टी कार्यालय सरकारी जमीन पर फर्जी वक्फ बनाकर अवैध तरीके से बनाया गया है। इस मामले को लेकर शुक्रवार को हिंदू नेता जितेंद्र बैंस के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते हुए डीएम को ज्ञापन दिया। श्री जीत धाम, आश्रम बिजनौर के जितेन्द्र कुमार बैंस द्वारा दिए गये ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि शहर के मुख्य क्षेत्र में स्थित सरकारी भूमि पर सपा कार्यालय का निर्माण बिना किसी विधिक अनुमति के किया गया है। संबंधित भूखंड को षड्यंत्रपूर्वक वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज कराया गया और बाद में वहां सपा का दफ्तर बना दिया गया।



उन्होंने इसे राजनीतिक प्रभाव के दम पर किया गया फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया। ज्ञापन में मांग की गई है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में विपिन कुमार, दीपक कुमार, नीरज विश्नोई आदि मौजूद रहे।

# महिला यात्री के बैग से लाखों के आभूषण चोरी

**नूरपुर ( चिंगारी )।** बस में सफर के दौरान एक महिला के बैग से लाखों के आभूषण चोरी हो गये। शुक्रवार को जनपद अमरोहा के मोहल्ला कायस्थान निवासी कांता देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 नवंबर को वह ससुराल से अपने मायके थाना स्योहारा के गांव पितुपुरा जा रही थी। इस दौरान बस में सवार एक अंजान व्यक्ति ने उसके बैग को रखने को कहा। अंजान व्यक्ति गोहावर चौक पर उतर गया। महिला ने मायके पहुंचने पर अपना सूटकेस खोला तो उसके होश उड़ गये। महिला के सूटकेस से सोने की दो चूड़ियां, दो अंगूठी, एक चेन गायब थी।

# प्रमुख सचिव ने गांव पहुंचकर विस्थापितों की समस्या सुनी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** उ.प्र. के प्रमुख सचिव (राजस्व) रणवीर प्रसाद शुक्रवार को तहसील धामपुर क्षेत्रांतर्गत अफजलगढ़ ब्लॉक के कई गांवों के विस्थापितों से मिले और उनकी भूमि संबंधी समस्याओं को सुनकर जिलाधिकारी को विस्तृत सर्वे कराये जाने को निर्देशित किया।

## डीएम को विस्तृत सर्वे के निर्देश दिये

बता दें कि भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद जनपद के तहसील धामपुर व तहसील नगीना क्षेत्रांतर्गत कई गांवों में विस्थापित लोगों को बसाया गया था, लेकिन उन्हें अभी तक जमीन का मालिकाना हक नहीं मिला है। क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस संबंध में अवगत कराया था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य के प्रमुख सचिव (राजस्व) रणवीर प्रसाद शुक्रवार को ग्राम मधपुरी पहुंचे, जहां उन्होंने मधपुरी सहित आसपास के गांवों में रह रहे विस्थापितों से वार्ता की। तत्पश्चात प्रमुख सचिव ने कालागढ़ स्थित गेस्ट हाउस में क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर धारा, छजमलवाला आदि गांवों के विस्थापितों से भी जानकारी हासिल की। उन्होंने बताया कि न तो उन्हें जमीन की फर्द मिलती है और न ही बैंक उन्हें ऋण देता है।

प्रमुख सचिव ने मौके पर मौजूद जिलाधिकारी बिजनौर श्रीमती जसजीत कौर को प्रभावित गांवों का विस्तृत सर्वे कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सुशांत सिंह, एडीएम प्रशासन विनय कुमार, उपजिलाधिकारी धामपुर श्रीमती स्मृति मिश्रा, एसडीएम नगीना नितिन कुमार, तहसीलदार अमरपाल सिंह, चकबंदी अधिकारी संजय कुमार, ग्राम प्रधानपति फतेहपुर धारा सुखविंदर सिंह, ग्राम प्रधान कल्लूवाला अमरीक सिंह, ग्राम प्रधान छजमलवाला महेंद्र सिंह, भाजपा (अ.मो.) के जिलाध्यक्ष सरदार मलकीत सिंह आदि मौजूद रहे।



कथित विस्थापित लोगों की भौमिक जानकारी लेते प्रमुख सचिव।

# इरम कार्रवाई के लिए अड़ी, दिलाना चाहती है सजा कड़ी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** पत्नी को चकमा देकर चुपचाप सऊदी अरब गए पति द्वारा फोन पर तलाक दे दिये जाने व ससुरालियों द्वारा गर्भवती होने के बावजूद मारपीट करने के मामले में महिला पुलिस चौकी पर दोनों पक्षों के बीच काउंसिलिंग के बावजूद आपसी समझौते के प्रयास विफल हो गए हैं। पीड़िता इरम का कहना है कि उसके साथ जो हुआ उसमें वह दोषियों के खिलाफ ऐसी सजा चाहती है ताकि कोई व्यक्ति किसी महिला के साथ ऐसा न कर सके। उत्तराखंड की नई बस्ती जसपुर निवासी मौ. असलम की पुत्री इरम का विवाह थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम भगतावाला निवासी जाकिर हुसैन के पुत्र मौ. हारुन के साथ 15/8/2025 को हुआ था। आरोप है कि मनमुटाव के चलते पौने दो माह बाद ही बीते अक्टूबर माह के पहले सप्ताह ही उसका पति उसे चकमा देकर चोरी छिपे सऊदी चला गया और वहां जाकर इरम को फोन पर तलाक दे दी। इरम का यह भी आरोप है कि उसकी सास साबरी, ससुर जाकिर हुसैन देवरानी सीमा, सीरवासुचंद निवासी नंदोई इस्लामुद्दीन व ननद सईदा ने गर्भवती होने के बावजूद उसके साथ गाली गलौच व मारपीट की जिससे उसके पेट में पल रहे एक माह के बच्चे की मौत भी हो गई। इरम ने थाना रेहड़ को कार्यवाही हेतु प्रार्थना पत्र दिया जिसे रेहड़ पुलिस ने काउंसलिंग हेतु महिला पुलिस चौकी धामपुर भेज दिया। वहां पर दोनों पक्षों को कई बार बुलाकर काउंसलिंग की गई मगर बात नहीं बन पाई। इरम का दो टूक कहना है कि इन लोगों का जुर्म माफी के लायक नहीं है लिहाजा इन्हें सजा दिलाकर ही दम लेगी। उधर रेहड़ पुलिस का कहना है कि महिला पुलिस चौकी से अभी रिपोर्ट नहीं आई है, रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्यवाही की

# मेन मार्केट से अतिक्रमण हटवाने को ट्रैक्टर-ट्राली, जेसीबी के साथ सड़कों पर उतरा अमला

**धामपुर ( चिंगारी )।** शुक्रवार की शाम नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद का अमला जेसीबी, ट्रैक्टर ट्राली के साथ जब नगर के मेन मार्केट में सड़क पर किये गये अतिक्रमण को हटवाने के लिए पहुंचा तो वहां व्यापारियों में हड़कंप मच गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान मेन मार्केट के कुछ व्यापारियों द्वारा सड़क पर टाइल्स लगाकर किये गये अतिक्रमण को लेकर उनसे लगभग साढ़े तीन हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ल ने इस दौरान पत्रकार वार्ता में कहा कि नगर के मुख्य मार्ग पर व्यापारियों द्वारा सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण करने की शिकायत काफी समय से मिल रही थी। इस बारे में अनेकों बार व्यापारियों को चेतावनी दी गई परंतु उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। इस कारण नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों को आज नगर की सड़कों पर उतरना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह नगर आपका है और इसको अतिक्रमण मुक्त करके सुंदर बनाना भी आपकी जिम्मेदारी है आप लोग नगर पालिका प्रशासन को अपना सहयोग प्रदान कीजिए। उन्होंने कहा कि नाले और नालियों के ऊपर पेड़ी बनाकर और स्लैब डालकर किये गये अतिक्रमण से सफाई कर्मियों को सफाई करने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है इसके बावजूद व्यापारी सफाई व्यवस्था को लेकर पालिका प्रशासन में कमी निकालते हैं। उन्होंने कहा कि यह अतिक्रमण हटाओ अभियान प्रतीकात्मक है। यदि अब भी व्यापारियों ने अतिक्रमण जारी रखा तो फिर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान जेसीबी मशीन से जहां पक्के अतिक्रमण को तोड़ा गया वहीं ट्रैक्टर ट्राली में सड़क पर रखे हुए सामान को भरकर कर्मचारी अपने साथ ले गये। अतिक्रमण हटाओ अभियान में नगर पालिका लिपिक विकास अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, पुष्पेंद्र सक्सेना, सुशील कुमार, नुसरत अली, सुनील जोशी सहित अनेक सफाई कर्मी शामिल रहे।



## ठेले वाले फिर आ डटे

**नगर पालिका परिषद की अतिक्रमण हटाओ टीम जब नगर के हृदय स्थल भगत सिंह चौक पर पहुंची तो वहां ठेले खड़ा करके सड़क पर अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया और वह अपने ठेले गली मोहल्ले में लेकर नौ दो ग्यारह हो गए। परंतु जैसे ही नगर पालिका परिषद की टीम भगत सिंह चौक से अतिक्रमण हटवाते हुए आगे की ओर निकली, ठेले वालों ने दोबारा से अपने ठेले भगत सिंह की प्रतिमा स्थल के आसपास लाकर खड़े कर लिये। वैसे तो नगर पालिका परिषद को स्ट्रीट वेंडर के लिए अलग से व्यवस्था करनी चाहिए, परंतु ठेले वाले परमानेंट अपने ठेले एक स्थान पर खड़े रखकर यातायात को प्रभावित करते हैं। हालांकि नगर पालिका के ईओ ने इस दौरान सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के चालान काटने के निर्देश भी दिये।**

# 'वंदे मातरम' का गायन किया



कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षिकाएं व छात्राएं।

**धामपुर ( चिंगारी )** एस.बी.डी. धामपुर की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में राष्ट्रीय गीत 'वंदेमातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वंदेमातरम् गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सन्दर्भित पत्र के अनुसार पूरे देश में चार चरणों में मनाया जाना प्रस्तावित है। कार्यकम के प्रथम चरण का आयोजन 07 नवम्बर को शुभारंभ सप्ताह के रूप में वंदे मातरम् गीत के सामूहिक गायन के साथ हुआ। तत्पश्चात् डॉ. पायल शर्मा ने राष्ट्रीय गीत का अर्थ छात्राओं को समझाया। डा. अर्चना कुन्तल, ने राष्ट्रीय गीत की ऐतिहासिकता व इसके महत्व से छात्राओं को अवगत कराया। डा. अल्पना सिंह, हिन्दी विभाग ने गीत के उद्देश्य से बताते हुए राष्ट्रीय गीत के अर्थ को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में डा. कनक चौहान, डा. रंजु सिंह, श्रीमती प्रियका जैन, श्रीमती ज्योति, कु. मीनू, बोरा, उमेश, अमित, मनोज सहित लगभग 100 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# भगवती जागरण में गूंजी माता रानी की जय-जयकार

## आकर्षण का केन्द्र रहा बरेली से आया फूलों का हार

**धामपुर ( चिंगारी )। फूल बाग कॉलोनी में आयोजित भगवती जागरण में भजन गायक प्रहलाद फकीरा ने भजनों और माता रानी की भेंटो की प्रस्तुतियों से समा बांध दिया।**



इस अवसर पर प्रस्तुत की गई हनुमान जी महाराज की झांकी सहित अन्य झांकियों को भी भरपूर प्रशंसा प्राप्त हुई। कार्यक्रम में बरेली से पधारी मनोरमा देवी कश्यप द्वारा विशेष रूप से तैयार कराकर लाया गया फूलों का हार आकर्षण का केंद्र रहा। सुभाष चंद्र कश्यप एवं ज्योति रानी कश्यप, गुड्डी रानी कश्यप के संरक्षण में आयोजित भगवती जागरण का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। जिसके मुख्य यजमान महावतपुर बिल्लोच नजीबाबाद निवासी अनुज कश्यप तथा शीतल रानी कश्यप आराध्या कश्यप और आरुष कश्यप रहे। पूजन आचार्य पंडित शिवांश कुमार ने संपादित कराया। नवदुर्गा जागरण पार्टी धामपुर के संस्थापक सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक तथा संचालक सरदार मनप्रीत सिंह बॉबी के निर्देशन में सामूहिक रूप में जगदंबिका भवानी के दरबार में ज्योति प्रज्वलित की गई। नूरपुर से पधारी प्रेरणा आर्य,पंडित विकास वशिष्ठ ने भी भजनों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में श्री गुरु नानक गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्य कुमुद रानी, माया देवी चौहान, चर्चित चौहान प्रगति चौहान, पंकज कुमार शर्मा, सुधीर कुमार अग्रवाल, गौतम कुमार कश्यप आदि सहित फूल बाग कॉलोनी के अनेक परिवारों ने माता रानी के दरबार को सामूहिक जयकारों से गुंजा दिया। नूरपुर से पधारे कथावाचक आचार्य पंडित दीपक कुमार शर्मा ने तारा रानी की पारंपरिक कथा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती एवं कन्या पूजन से किया गया जिसमें सौरभ कुमार कश्यप शिखा रानी कश्यप तथा उदय कुमार कश्यप ने नौ कन्याओं और लांगुर वीर को सम्मान प्रदान करते हुए माता रानी को चना और हलुवे का भोग लगाया।

# प्रकाश पर्व पर पाडली मांडू में निकली प्रभातफेरी

## जगह-जगह हुई फूलों की वर्षा



**खासपुरा ( चिंगारी )।** पाडली मांडू में सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व 16 नवंबर दिन रविवार को धूमधाम से मनाया जायेगा। कार्यक्रम में सिख पंथ के महान कीर्तनीय रागी प्रचारक पहुंच रहे हैं। प्रकाश पर्व से पहले क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। गुरुद्वारे के प्रधान परमजीत सिंह जग्गा, संचालक हरनाम सिंह जौहरी, सेक्रेटरी देवेंद्र सिंह कपूर, कोषाध्यक्ष महिपाल सिंह ठेकेदार, पूर्व प्रधान गुरनाम सिंह ने बताया श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा पाडली मांडू और संगत की ओर से प्रतिदिन प्रभातफेरी का आयोजन किया जा रहा है।

यह प्रभातफेरी रोजाना सुबह पांच बजे गुरुद्वारा सिंह सभा पाडली से शुरू होकर गांव के प्रमुख मार्गों, गलियों से गुजरती हुई लगभग सुबह आठ बजे पुन: गुरुद्वारे में संपन्न होती है। प्रभातफेरी में बड़ी संख्या में सिख संगत श्रद्धाभाव से शामिल हो रहे हैं।

गुरु की भक्ति में डूबे श्रद्धालु वाहेगुरु के जयकारे लगाते हुए और गुरु ग्रंथ साहिब के शबद-कीर्तन गाते हुए नगर की गलियों को गुंजायमान कर रहे हैं। फूलों से सजी पालकी साहिब और निशान साहिब के साथ निकली प्रभातफेरी से पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय हो उठा है।

# एसपी कॉलेज में मनायी गई वंदे मातरम की जयंती



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** एसपी ग्रुप ऑफ कॉलेज तिगरी में वंदे मातरम की 150वीं जयंती मनाई गई। इसके तहत विशेष कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया। एकता, देशभक्ति व सांस्कृतिक विरासत पर संगोष्ठी भी कराई गई। इस अवसर पर विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने वंदे मातरम गीत का गायन किया। कार्यक्रम देशभक्ति और भारतीयता से ओतप्रोत रहा।

# वंदे मातरम की जयंती पर कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

**हल्दौर ( चिंगारी )।** हल्दौर ग्रुप ऑफ कॉलेज हल्दौर में मिशन शक्ति, एनएसएस (छात्र एवं छात्रा इकाई) के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डा.योगेंद्र कुमार ने की। वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन श्रीयांशी रस्तौगी और तनिष्का राजपूत द्वारा कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रीय गर्व की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि अंग्रेजी हुक्मरानों ने इंग्लैंड की महारानी के सम्मान वाले गीत गौडसेव द क्वीन को हर कार्यक्रम में गाना अनिवार्य कर दिया था। इससे बंकिम चंद्र चटर्जी समेत कई देशवासी आहत हुए थे। इसके जवाब में उन्होंने 1874 में वंदे मातरम शीर्षक से एक गीत की रचना की। बंकिम चंद्र चटर्जी ने यह गीत चिनसुरा में लिखा था, जो हुगली नदी के पास है। यह गीत 1882 में प्रकाशित उपन्यास आनंद मठ से लिया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# यज्ञ मानव जीवन को सफल बनाने की आधारशिला- डॉ. कपिल आचार्य

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शुक्रवार को वैदिक कन्या गुरुकुल नवलपुर के 18वें वार्षिकोत्सव एवं स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में द्वितीय दिवस का कार्यक्रम ऋग्वेद खण्ड पारायण यज्ञ के साथ शुभारम्भ हुआ। वैदिक विद्वान डॉ. कपिल आचार्य ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा यज्ञ मानव जीवन को सफल बनाने के लिए एक आधारशिला है। इसके कुछ भाग विशुद्ध आध्यात्मिक हैं। अग्नि पवित्र है और जहां यज्ञ होता है, वहां संपूर्ण वातावरण, पवित्र और देवमय बन जाता है। यज्ञवेदी में स्वाहा कहकर देवताओं को भोजन परोसने से मनुष्य को दु:ख-दारिद्रय और कष्टों से छुटकारा मिलता है। वेदों में अग्नि परमेश्वर के रूप में वंदनीय है। अग्निदेव से प्रार्थना की गई है कि हे अग्निदेव! तुम हमें अच्छे मार्ग पर ले चलो, हमेशा हमारी रक्षा करो। यज्ञ को शास्त्रों में सर्वश्रेष्ठ कर्म कहा गया है। इसकी सुगंध समाज को सुसंगठित कर एक सुव्यवस्था देती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि यज्ञ करने वाले अपने आप में दिव्यात्मा होते हैं।



इस अवसर पर यज्ञ की ब्रह्मा आचार्या सविता एवं दिव्यकरण वेदरत्न ने पूर्ण विधि विधान से यज्ञ सम्पन्न कराए हुए अनेक वेदमन्त्रों की व्याख्या की। वैदिक भजनोपदेशिका नीतू शास्त्री और जयप्रकाश आर्य ने प्रभुभक्ति राष्ट्रभक्ति के गीत/भजन सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। गुरुकुल की ब्रह्मचारिणीयों ने सुमधुर वेदमन्त्रों का पाठ करते ईशभक्ति के गीतों से श्रोताओं की तालियां बटोरीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेशचन्द तोमर ने की। गुरुकुल के प्रबंधक सुशील त्यागी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। यज्ञ के यजमान महाराष्ट्र से शशिकांत आर्य, मुरादाबाद से सुरेंद्र सिंह, बिजनौर से रमेशचंद आर्य सपत्नीक रहे। इस अवसर पर बलजीत सिंह, मोहर सिंह, राजवीर सिंह मेरठ, निर्मला सिंह, अरविंद कुमार, आशाराम आर्य बसेड़ा, राजपाल आर्य मुंढाल, वर्तिका आर्य, सोनी आर्या, वीरबाला आर्य, योगेश शर्मा चांदपुर, पूनम आर्य सहित अनेक आर्यजन उपस्थित रहे।

# साइबर फ्रॉड से करने को सावधान, पुलिस चला रही सतर्कता अभियान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर पुलिस ने आमजन को साइबर अपराधों से बचने के लिए शानदार पहल की है। इसके लिए पुलिस साइबर फ्रॉड सतर्कता अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत लोगों को विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन धोखाधड़ी के तरीकों के बारे में जानकारी दी जा रही है और सतर्क रहने की अपील की जा रही है।

एएसपी सिटी डा. कृष्णगोपाल सिंह ने बताया कि आएदिन साइबर अपराधी फोन कॉल, व्हाट्सएप, ई-मेल या सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को झांसे में लेकर ठगी की वारदातों को अंजाम देते हैं। कई बार अपराधी रिश्तेदार या परिचित बनकर कॉल करते हैं और किसी मुसीबत या दुर्घटना का हवाला देकर पैसे की मांग करते हैं।

ऐसे मामलों से बचाव के लिए पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या भुगतान अनुरोध पर भरोसा न करें और बिना पुष्टि किए किसी को भी अपने बैंक विवरण, ओटीपी या कार्ड संबंधी जानकारी साझा न करें।

एएसपी सिटी डा. कृष्णगोपाल सिंह ने कहा कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए आमजन की सतर्कता ही सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कोई साइबर फ्रॉड का शिकार होता है या किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलती है, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या निकटतम पुलिस थाने में संपर्क करें।

## जागरुकता के लिए पुलिस ने वीडियो भी जारी की

**बिजनौर पुलिस ने इस संबंध में एक जागरूकता वीडियो भी जारी किया है, जिसमें साइबर ठगी के सामान्य तरीकों और बचाव के उपायों को बताया गया है। अभियान के दौरान बिजनौर पुलिस ने शहर के प्रमुख चौराहों, बाज़ारों और शिक्षण संस्थानों में पंपलेट वितरित किए तथा साइबर सुरक्षा से जुड़ी जानकारी साझा की। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि सतर्क रहें, सुरक्षित रहें और दूसरों को भी जागरूक करें।**

# ओवरलोड डम्परों से उद्घाटन से पहले ही क्षतिग्रस्त हुआ मार्ग

नजीबाबाद (चिंगारी)। कोटद्वार-हरिद्वार बाईपास पर बिजौरी के पास फ्लाईओवर की बगल से जा रहा रोड बनने के बाद उद्घाटन से पहले ही भारी भरकम डंपरों के आवागमन की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इस रोड पर चल रहे किसी डंपर पर आगे नंबर प्लेट नहीं तो किसी के पीछे नंबर प्लेट नहीं है। जबकि जिलाधिकारी के कड़े आदेश हैं कि कोई भी वाहन बिना नंबर प्लेट या अपूर्ण नंबर प्लेट खनन में पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ओवरलोड खनन से भरे वाहनों के द्वारा रोड पर कच्चे माल के गिरने की वजह से पहले भी कई दुर्घटना हो चुकी हैं। ओवरलोड वाहनों की कोई चेकिंग नहीं की जा रही है। अधिकारी पूरी तरह से लापरवाह बने हुए हैं। नजीबाबाद क्षेत्र में अगर इन डंपरों से किसी तरह की कोई दुर्घटना हो जाती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? किस तरह अधिकारी इन डंपरों की तलाश करेंगे। क्षेत्र के ग्रामीणों का आरोप है कि यह सब अधिकारियों की मिली भगत से किया जा रहा है। ग्राम बीरूवाला से आ रहे खनन से भरे डंपर नजीबाबाद की ओर जाते हैं, जिस रास्ते में गंग नहर चौकी पड़ती है। जब तक खनन से भरे ओवरलोड डंपर चलते हैं, तब तक पुलिस चौकी पर कोई पुलिसकर्मी नजर नहीं आता है। रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी शोपीस बने हुए हैं। बताया जाता है कि मथुरापुर मोड़ पर इन लोगों ने अपने कैमरे लगा रखे हैं, सभी डंपर कैमरों के बीच से होकर जा रहे हैं, ओवरलोड डंपर एवं बिना नंबर प्लेट चल रहे वाहनों पर दोनों में से किसी पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे एक बड़ा सवाल खड़ा होता है कि पुलिस प्रशासन बिना हेलमेट चल रहे दोपहिया वाहनों को बिना चालान किये नहीं जाने देता तो फिर बिना नम्बर के ओवरलोड डम्पर कैसे चल रहे है।

**किसी डम्पर पर आगे तो किसी पर पीछे नम्बर प्लेट नहीं**



मतदाताओं के गणना फार्म भरते बीएलओ।

## एसआईआर के तहत मतदाताओं को गणना फार्म बांटे

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मुगलूशाह में एसआईआर के तहत बीएलओ के साथ समाजसेवी अमजद सिद्दीकी ने क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करते हुए उन्हें गणना फार्म बांटे। मतदाताओं को गणना फार्म भरने का तरीका भी बताया गया। काफी लोगों के मौके पर ही गणना फार्मों को भरा गया। मतदाताओं को बताया गया कि जिन लोगों के वर्ष-2003 की वोटर लिस्टों में नाम है, उन्हें कोई आईडी देने की जरूरत नहीं है। मगर उन्हें गणना फार्म भरकर देना है। जिन लोगों के नाम 2003 की सूची में नहीं है, उन्हें भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित 12 साक्ष्य पत्रों में से कोई एक पत्र देना होगा, इसके बाद उनका नई सूची में नाम शामिल होगा। इस मौके पर बीएलओ सुनीता, सलमा, ओमवती, इरशाद, विशाल, अमजद सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

## मंगलमय हो मिलन तुम्हारा..



### प्रियांश संग कनिका

**बिजनौर (चिंगारी)।** नजीबाबाद के प्रसिद्ध व्यवसायी श्री दीपक कर्णवाल व श्रीमती पारूल कर्णवाल के सुपुत्र प्रियांश कर्णवाल का विवाह नजीबाबाद निवासी श्री ललित साहनी की सुपुत्री कनिका के साथ बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। रामनगर (उत्तराखण्ड) के एक रिजॉर्ट में सम्पन्न इस विवाह समारोह में नजीबाबाद व बिजनौर के प्रतिष्ठित लोगों ने भाग लिया तथा वर वधू को अपना आशीर्वाद तथा शुभकामनाएं दीं। चिंगारी परिवार प्रियांश और कनिका के उज्जवल भविष्य तथा सुखी जीवन की कामना करता है।

# बीटेक में आर्यन चौहान, प्राची व सूर्य प्रताप टॉपर रहे

नजीबाबाद (चिंगारी)। नार्थ इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट नजीबाबाद मे बीटेक द्वितीय सेमेस्टर के परिणाम में आर्यन चौहान ने 88.44 प्रतिशत अंक पाकर कक्षा में प्रथम, प्राची ने 85.89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व सूर्य प्रताप सिंह ने 85.78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों टॉपर छात्रों ने अपनी इस सफलता के पीछे कड़ी मेहनत, अपने माता-पिता तथा अपने शिक्षकों का योगदान बताया। शिक्षकों के अनुसार नियमित कक्षा में उपस्थिति व नियमित अध्ययन से इन बच्चों को सफलता हॉसिल हुई। प्राचार्या डॉ. शिवानी चौहान ने छात्रों को इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपार संभानाओं के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं सीखे हुए ज्ञान को अपने व्यावहारिक जीवन में अपनाने पर बल दिया। प्राचार्या डॉ. शिवानी चौहान ने बताया कि बिना कठिन परिश्रम के कोई लक्ष्य हासिल नहीं होता। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक निदेशक अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल, प्राचार्या डॉ. शिवानी चौहान, माणिक गुप्ता, अभिजीत सिंह सहित सभी शिक्षकों ने संयुक्त रूप से समस्त उत्तीर्ण छात्रो को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।







# नरेंद्र कुमार रवि व अतीकुर्रहमान विधानसभा संयोजक बने



नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए।

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत साहनपुर में अतीकुर्रहमान के प्रतिष्ठान पर बहुजन समाज पार्टी की मुस्लिम समाज भाईचारा कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बसपा सुप्रीमो कुमारी मायावती के दिशा निर्देशानुसार मुरादाबाद मंडल में चल रहे भाईचारा कमेटी के गठन कार्यक्रम की श्रृंखला में विधानसभा नजीबाबाद में अतीकुर्रहमान एवं नरेंद्र कुमार रवि को विधानसभा संयोजक मुस्लिम समाज भाईचारा कमेटी के पद पर नियुक्त कर दोनों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। दोनों पदाधिकारियों अतीकुर्रहमान एवं नरेंद्र कुमार रवि ने विश्वास दिलाया कि वह अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाने के साथ पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने तथा बसपा सरकार में मुस्लिम समाज के हित में किये गये कार्यों को मुस्लिम समाज के घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय कुमार सागर मंडल प्रभारी मुरादाबाद, दिलीप कुमार पिंटू, रविंद्र कुमार, डीपी सिंह, रामकिशन, साजिद सैफी, नासिर सैफी, आमिर राईन उपस्थित रहे।

# एमडीएस में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

**नजीबाबाद (चिंगारी)। देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में नजीबाबाद में करीब पांच हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि नजीबाबाद में एमडीएस, एमडीकेवी, राजकीय इंटर कॉलेज, कासमिया इंटर कॉलेज सहित 20 विद्यालयों में परीक्षा आयोजित की गयी। परीक्षा में नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के लगभग पांच हजार परीक्षार्थी सम्मिलित हुये। डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित कराई गई है। शांतिकुंज के निर्देशन में नेपाल सहित सम्पूर्ण भारत वर्ष में कई भाषाओं में यह परीक्षा आयोजित की जाती है। परीक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाता है। श्रेष्ठ सन्तान, श्रेष्ठ शिष्य के रूप में युवा शक्ति को चरित्रवान समाजसेवी के रूप में श्रेष्ठ नागरिक बनाना भारतीय संस्कृति का उद्देश्य है। इस मौके पर एमडीएस के प्रधानाचार्य अनुपम माहेश्वरी के साथ डॉ. दीपक कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। प्रधानाचार्य अनुपम माहेश्वरी के निर्देशन में परीक्षा सम्पन्न कराई गई।**



एमडीएस में आयोजित परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थी।

# दुकानदारों को आमदनी हुई अच्छी ख़ासी, मेला समिति ने लौटाई धरोहर राशि


गंगा स्नान करते श्रद्धालु (फाइल फोटो)

**नांगल सोती (चिंगारी)।** स्थानीय गंगा स्नान मेले में इस बार दुकानदारों की बल्ले-बल्ले रही। जहां अच्छी दुकानदारी हुई, वहीं मेला समिति ने उनकी धरोहर राशि भी वापस कर दी। कार्तिक पूर्णिमा पर स्थानीय गंगा घाट पर दो दिवसीय गंगा स्नान मेला आयोजित हुआ। मेले का श्रीगणेश 4 नवम्बर को गंगा पूजन एवं आरती के उपरान्त हुआ था, जबकि समापन 6 नवम्बर की शाम गुदड़ी मेले के आयोजन एवं गंगा आरती के उपरान्त हुआ। मेले में इस बार श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड भीड़ उमड़ी। अच्छी बिक्री होने के कारण दुकानदारों की मौज रही। मेला समिति ने भी उनसे कोई शुल्क नहीं लिया। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने बताया कि जब मेले में दुकानों की बुकिंग की गई थी, तो उनसे धरोहर राशि जमा की गई थी। उन्होंने बताया कि मेले के समापन से पूर्व 97 दुकानदारों की धरोहर राशि भी वापस कर दी गई। इसके लिये दुकानदारों ने मेला समिति का आभार व्यक्त किया। मेले के आयोजन का खर्च ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह ने उठाया। आयोजन में वीरेन्द्र शर्मा, सत्यपाल राजपूत, गौतम कुमार, शिवकुमार कश्यप, रामपाल सिंह, सुशील शुक्ला, पं. अरविन्द शुक्ला, सिंधुराज चौधरी, गार्विन चौधरी आदि का योगदान रहा।

### शासन से नहीं मिली वित्तीय मदद

बिना सरकारी वित्तीय सहायता के इतने बड़े मेले का आयोजन करना आसान नहीं होता। मगर काफी पत्राचार करने के बाद भी शासन ने नांगल के गंगा स्नान मेले को वित्तीय मदद उपलब्ध नहीं कराई। नांगल का गंगा स्नान मेला ऐतिहासिक और पौराणिक है। उत्तराखंड के गंगोत्री ग्लेशियर से निकली गंगा का यूपी में प्रवेश नांगल के समीप ग्राम सबलगढ़ में होता है। नांगल का मेला यूपी का प्रथम गंगा स्नान मेला है। पूरे नगीना लोस क्षेत्र का भी यह एकमात्र मेला है। जब नांगल का नाम अर्गलापुरी और हरिद्वार का नाम मायापुरी था, तो हरिद्वार जाने का मुख्य मार्ग वाया नांगल ही था। लोग नाव से गंगा पार करके हरिद्वार जाते थे, मगर इस ऐतिहासिक मेले को उपेक्षित कर दिया गया है। यदि इस मेले को सरकारी वित्तीय मदद मिले, तो इसकी भव्यता को चार चांद लग सकते हैं।

## मुस्लिम फंड कर्मचारी दिलशाद हुसैन उर्फ शेख जी का इंतेक़ाल


फाइल फोटो

**किरतपुर (चिंगारी)।** मौहल्ला कोटला निवासी दिलशाद हुसैन उर्फ शेख जी (55 वर्ष) का इंतेक़ाल हो गया, वह काफी दिन से बीमार चल रहे थे। दिलशाद हुसैन अच्छे अख़लाक़ के मालिक थे। मुस्लिम फंड में 25 वर्ष से कार्यरत थे। अपनी मेहनत और अच्छे व्यवहार से मुस्लिम फंड स्टाफ के दिल में जगह बनाई। उनके इंतेक़ाल पर मुस्लिम फंड की समस्त ब्रांचों में शोक की लहर दौड़ गयी। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। जनाज़े की नमाज़ कोटला की शाही जामा मस्जिद में अदा की गई। उसके बाद उनको सुपुर्द खाक कर दिया। इस मौके पर मुस्लिम फंड अध्यक्ष मौ. साईम राजा, सेक्रेटरी मुंशी हसीनुद्दीन, मरग़ूब अहमद, जीएम अकीलुद्दीन, हुमायूं खान, रियाजुद्दीन, मौ. शमीम, आरिफ कुरैशी, ज़ीशान मिर्ज़ा उर्फ डॉली, मौ. आज़म आदि मौजूद रहे।

## मानव-वन्य जीव संघर्ष की जागरूकता के लिये गोष्ठी आयोजित की

**अफजलगढ़ (चिंगारी)। जनपद में बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने और ग्रामीणों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।** शुक्रवार को ग्राम रेहड़ स्थित गीता देवी इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेतिहर महिला एवं पुरुष श्रमिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक वन प्रभाग बिजनौर एवं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वाइल्डलाइफ साइंसेज विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं शोधकर्ता शिवम कुमार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों, विशेषकर खेतों में कार्य करने वाले महिला व पुरुषों को मानव-वन्यजीव संघर्ष से जुड़ी जानकारी देना है।



कार्यक्रम में शामिल ग्रामीण।

उन्होंने प्रतिभागियों को गुलदार के व्यवहार, उनसे बचाव के उपाय, वन विभाग से संपर्क की प्रक्रिया और आपात स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। शोधकर्ता ने बताया कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षण के अनुसार जनपद बिजनौर में वन्यजीव संघर्ष के लगभग 90 प्रतिशत मामले महिलाओं और बच्चों से संबंधित हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि ग्रामीण महिलाओं में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रेहड़ फूलजहां ने की, जबकि संचालन ईशू चौहान ने किया। इस अवसर पर वन दरोगा बाकर रज़ा, प्रबंधक हरगोविंद सिंह, रमेश सिंह, बाबू, केशो देवी, संजीता, विनोद, शशिबाला, रजिया खातून, जैनब सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हवन-पूजन के बाद अवध शुगर मिल में पेराई सत्र का शुभारंभ



**स्योहारा (चिंगारी)।** शुक्रवार को अवध शुगर मिल का पेराई सत्र हवन-पूजन कर विधि-विधान के साथ प्रारम्भ किया गया। दोपहर बारह बजे पंडित राकेश शर्मा, दुर्गादत्त जोशी, देवीदत्त शर्मा व मुकेश द्विवेदी ने मंत्रोच्चार के बाद हवन-पूजन किया। शुगर मिल के अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह व मुकेश मिश्रा मुख्य यजमान रहे। लगभग एक बजे चेन में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ किया गया। अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह ने कहा कि किसान और मिल एक-दूसरे के पूरक होते हैं। किसानों के सहयोग के बिना मिल का संचालन नहीं किया जा सकता। गन्ना महाप्रबंधक डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि क्षेत्र में मिल गेट सहित कुल 149 गन्ना क्रय केन्द्र बनाए गये हैं। गन्ना मूल्य सरकार के निर्देशानुसार दिया जाएगा। इस दौरान इस मौके पर गन्ना समिति धामपुर के चेयरमैन रामवीर सिंह, विवेककांत शर्मा, गन्ना सचिव प्रदीप शर्मा, प्रमोद कुमार, डा. मनोज वर्मा, ब्लॉक प्रमुख उज्ज्वल चौहान, दिनेश चौहान, विवेक श्रीवास्तव, पूर्व पालिकाध्यक्ष अख्तर जलील, सभापति गन्ना समिति सुशील कुमार, अनिल कुशवाहा, पुष्पेन्द्र चौधरी, गजेन्द्र सिंह टिकैत, श्याम सिंह अहलावत, आफताब आलम, रालोद नेता महावीर सिंह, मुजीबुल हसन, चौधरी विजयपाल सिंह, देवराज सिंह, आलोक डागर, लोकेन्द्र सिंह, चौधरी फहीमुर्रहमान आदि मौजूद रहे।

## आरएसएस नेता संजय वर्मा की माता जी का निधन

**नगीना (चिंगारी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग बौद्धिक प्रमुख संजय वर्मा की माता कांति देवी (87 वर्ष) का बृहस्पतिवार की रात्रि निधन हो गया, वह काफी समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार की दोपहर बैराज गंगा घाट पर किया गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही सैकड़ों की संख्या में भाजपा व विभिन्न पार्टियों के नेता व गणमान्य लोग शोक संवेदना व्यक्त करने सराय मीर स्थित उनके आवास पर पहुंचे। शोक व्यक्त करने पहुंचने वाले प्रमुख लोगों में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य एवं पूर्व विधायक लवकुश कुमार, बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह, पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह, पूर्व विधायक सतीश गौतम, भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अरविंद गहलौत, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, पूर्व चेयरमैन प्रभातचंद्र गुप्ता, विहिप के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप गर्ग, मंडल महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष लाला विनोद अग्रवाल, सौरभ मित्तल, शिव शंकर सक्सैना, डॉक्टर भूपेश चौहान, सोहन सैनी, इंजीनियर अमित गुप्ता, आरएसएस के नगर कार्यवाह अनमोल कंसल, समाजसेवी साहू संतोष कुमार अग्रवाल, अग्रवाल सभा के प्रधान शीतल अग्रवाल, मास्टर अनिल बंधु, हिंदू इंटर कॉलेज के प्रबंधक साहू कपिल अग्रवाल, अमित जैन विक्की, सचिन बिश्नोई, मोहित गोयल, लाला राधेश्याम महिला महाविद्यालय के प्रबंधक राकेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सभासद गोपाल शर्मा, गौरव गोयल, कुंवर अमरजीत सिंह, कुंवर हर्षवर्धन, सीओ डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी, थाना अध्यक्ष अवनीतमान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## प्रतियोगिताओं में जिन छात्रों ने पुरस्कार जीता, विद्यालय ने भेंट की उन्हें गीता

**नहटौर (चिंगारी)।** रामा विष्णु सरस्वती शिशु मंदिर नहटौर में प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले छात्रों को श्रीमद्भागवत गीता देकर सम्मानित किया गया। प्रबंध समिति ने एसडीएम स्मृति मिश्रा से भेंट कर विद्यालय की गतिविधियों के बारे में बताया। दीपोत्सव पर सम्पन्न प्रतियोगिताओं में चित्रकला प्रतियोगिता (मां शारदा) में साक्षी ने प्रथम, आंचल ने द्वितीय एवं पायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में अंशुल प्रथम, दिशांत द्वितीय एवं शिवन्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता (शंख) में कार्तिक प्रथम, प्रियांशु द्वितीय, दिव्यांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता स्वास्तिक में वासुदेव प्रथम, दिया द्वितीय व नित्या तृतीय रहे। चित्रकला प्रतियोगिता (कलश) में शौर्य प्रथम, लक्ष्य द्वितीय, अरनव तृतीय रहे। ग्रीटिंग कार्ड (कार्ड सज्जा) में दीपांशी प्रथम, लवकुश द्वितीय, रिद्धिमा तृतीय रहे। दीप



सज्जा में सुशांत रितिका, रश्मि, गुंजन प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। रंगोली प्रतियोगिता में सोनम टीम एवं पूनम टीम प्रथम, कनिष्का टीम एवं मोनिका टीम द्वितीय व अन्य रंगोली तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्य मनोज कुमार शर्मा द्वारा प्रतियोगिताओं के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल, प्रबंधक विनिल त्यागी, कपिल शर्मा, डॉ. राजेश त्यागी, राकेश अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। उपजिलाधिकारी स्मृति मिश्रा ने भी विद्यालय प्रबंध समिति से शिष्टाचार भेंट में विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था में सहयोग करने का भी आश्वासन दिया।

# पांच दिन से लापता अधेड़ का आम के बाग में मिला शव, पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप

**मंडावर (चिंगारी)।** पांच दिन से लापता अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। उन्होंने तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। शुक्रवार की सुबह दयालवाला-बालावाली रोड पर प्रकाश पब्लिक स्कूल के सामने आम के बाग में एक शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया था। बाद में मृतक की पहचान ग्राम राजारामपुर निवासी कुलवंत सिंह पुत्र गंभीर सिंह (60 वर्ष) के रूप में हुई, जो पांच दिन से घर से लापता था।



कुलवंत की मौत पर विलाप करते परिवार की महिलाएं

उधर, कुलवंत का शव मिलने की खबर जैसे ही गांव में पहुंची तो देर शाम सैकड़ों ग्रामीणों के साथ परिजन थाने पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। मृतक कुलवंत की पत्नी अरुणा कुमारी ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पति पिछले पांच दिन से लापता थे, वह रोज थाने के चक्कर लगा रही थी, किसी ने उनकी बात नहीं सुनी और न ही गुमशुदगी दर्ज की। थाने पर घंटों हंगामा करने के बाद उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की।

मृतक की पत्नी अरुणा कुमारी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसके पति कुलवंत सिंह को गांव के ही गंगाराम पुत्र तेजा, विकास व पवन पुत्रगण प्रेम सिंह तीन नवंबर को घर से बुलाकर ले गए थे। पवन ने पहले भी उसके पति के साथ मारपीट की थी, जिसमें वो गंभीर घायल हो गए थे। पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण गोपाल ने बताया कि मृतक की पत्नी की ओर से गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है, जिसकी जांच चल रही है। मृत्यु का सही कारण पोस्मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगा। सीसीटीवी फुटेज भी देखे जा रहे हैं। दूसरी ओर परिजन कुलवंत का शव अंतिम संस्कार के लिये ले जाने के बजाए ट्रैक्टर-ट्राली से एसपी कार्यालय लेकर चल दिये। पता चलने पर पुलिस ने उन्हें मालन नदी के पास रोक लिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस परिजनों व ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रही है।

# डा. नीरज चौधरी ने गंगा स्नान मेले में लगाया पांच दिवसीय शिविर




## हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन ग्रहण किया

**बिजनौर (चिंगारी)।** नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डा. नीरज चौधरी की ओर से विदुर कुटी पर गंगा स्नान मेले में पांच दिवसीय शिविर लगाया गया। शिविर में श्रद्धालुओं के लिए भोजन आदि की शानदार व्यवस्था की गई। साथ ही रोगियों को चिकित्सा लाभ भी दिया गया। शिविर में हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन ग्रहण किया। डा. नीरज चौधरी और उनकी टीम द्वारा सभी श्रद्धालुओं की खूब आवभगत की गई। शिविर में पहुंचे बिजनौर निवासी धीरज, अमित शर्मा, राजीव भारद्वाज, जितेन्द्र वर्मा, हरिओम, सालमाबाद निवासी धीरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र कुमार, रामपाल, गंज निवासी देवेन्द्र, नारायण, दिलेराम आदि ने बताया कि शिविर में भोजन आदि की उत्तम व्यवस्था की गई थी। बता दें कि डा. नीरज चौधरी द्वारा पिछले 15 वर्षो से कार्तिक पूर्णिमा पर विदुर कुटी में लगने वाले मेले में पांच दिवसीय शिविर लगाया जाता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु भोजन ग्रहण करते हैं। डा. नीरज चौधरी ने शिविर में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की है।

# गुरु तेग बहादुर स्कूल में हुआ मानचित्र प्रश्नोत्तरी का आयोजन




जीटीबी पब्लिक स्कूल में मानचित्र प्रश्नोत्तरी में भाग लेते बच्चे।

**नूरपुर (चिंगारी)।** धामपुर रोड स्थित गुरुतेग बहादुर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को मानचित्र प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के पांचों हाउस सुभाष हाउस, गांधी हाउस, टैगोर हाउस, भगत सिंह हाउस व तेज हाउस के कक्षा 3 से 10 तक के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

तेज हाउस से सिद्रा, असद, मानवी, अक्षत, काव्या, तन्वी, अनिकेत, अक्ष, प्रियल, चेतना, अदीबा, भव्य, अभिनव ने सबसे ज्यादा सही जवाब दिये। भगत सिंह हाउस से सक्षम, अव्या, अदम्य, अभिनव, साधना, शिवि, साक्षी, अदवित ने सबसे ज्यादा सही जवाब दिये। सुभाष हाउस से धैर्य,नव्या,मधु,अग्रिमा, प्रभसिमरन, रिया, आदित्य ने, टैगोर हाउस से विराज, पार्थ, प्रज्ञा, हम्माद, सत्यम, इशिका, शाल्वी ने सबसे ज्यादा सही जवाब दिये।

गांधी हाउस से मयंक, अरहम, युग, कृति, आरोही ने सबसे ज्यादा सही जवाब दिये। मानचित्र प्रश्नोत्तरी का परिणाम इस प्रकार रहा प्रथम स्थान पर तेज हाउस 112 अंकों के साथ, द्वितीय स्थान भगत सिंह 76 अंकों के साथ, तृतीय स्थान टैगोर हाउस और सुभाष हाउस 61 अंकों के साथ सफलता पाई। प्रतियोगिता का संचालन अंशुल गोयल, प्रियंका यादव ने किया। विमल कुमार, विशाल वर्मा, डोली चौहान एवं अन्य शिक्षकों का योगदान प्रश्नोत्तरी में रहा। मैनेजिंग डायरेक्टर मनदीप सिंह, प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# यातायात माह को लेकर हीमपुर थाने में हुई बैठक



**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** यातायात नवंबर माह को लेकर हीमपुर दीपा थाने में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें यातायात संबंधी दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में क्षेत्र के ई-रिक्शा और अन्य वाहन चालकों-परिचालकों के अलावा स्कूल संचालक तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पुलिस क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक कुमार ने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि वाहन चलाते हुए विशेष सतर्कता बरतें। सभी अपने वाहनों के कागजात ओके रखें। दुपहिया वाहन चालक सुरक्षा हेतु हेलमेट आवश्यक पहनें। सुरक्षा का विशेष ख्याल रखें। शराब पीकर वाहन कतई न चलाएं। बैठक में थानाध्यक्ष हीमपुर दीपा जयभगवान सिंह भी मौजूद रहे।

# हत्यारोपी भतीजा गिरफ्तार

## हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल बरामद

**बिजनौर (चिंगारी)।** भैरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई चाचा की हत्या के मुख्य आरोपी भतीजे को शहर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार (कसला) भी बरामद कर लिया है। समीपवर्ती ग्राम भैरा में 6 नवंबर को जमीनी विवाद को लेकर चाचा नरेश की खेत पर सगे भतीजे विनित ने अपने परिजनों के साथ मिलकर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी थी। मृतक नरेश के छोटे भाई सतेन्द्रपाल सिंह पुत्र परवीन सिंह की तहरीर पर पुलिस ने भतीजे विनीत कुमार पुत्र गिरीश कुमार, उसकी पत्नी नूतन, माता मिथलेश और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने शुक्रवार को हत्या के मुख्य आरोपी विनीत को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान विनीत ने घटना में शामिल होना कबूल किया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कसला बरामद कर लिया है। एसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# श्रीमद हनुमत सेवा समिति की बैठक का आयोजन

## सर्वसम्मति से लिये गये अनेक महत्वपूर्ण निर्णय

**धामपुर (चिंगारी)।** गुरुवार को कालागढ़ रोड स्थित बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज पर श्रीमद् हनुमत सेवा समिति पंजीकृत की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संस्था द्वारा श्रद्धालुओं की मांग पर श्रद्धालुओं के घर-घर जाकर किये जा रहे सामूहिक संकीर्तन हनुमान चालीसा पाठ के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

श्रीमद् हनुमत सेवा समिति पंजीकृत के मार्गदर्शक एवं बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज के महंत/ संस्थापक रामदास महाराज ने बताया कि बजरंगबली हनुमान जी की कृपा से श्रीमद् हनुमत सेवा समिति पिछले 4 वर्षों से श्रद्धालुओं की मांग पर हनुमान चालीसा का संकीर्तन श्रद्धालुओं के निवास पर नि:शुल्क रूप से करती चली आ रही है। उन्होंने बैठक में लिये गए निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा आयोजक परिवार में किये जाने वाले हनुमान चालीसा पाठ के अवसर पर आयोजक परिवार में किसी भी प्रकार का जल पान ग्रहण नहीं किया जायेगा। दरबार में आरती में श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धा सुमन के रूप में केवल मात्र एक पुष्प चढ़ाया जाएगा। इसके अतिरिक्त आरती में चढ़ाई गई धनराशि को आसपास के मंदिर में दिये जाने हेतु आयोजक परिवार को सौंप दी जाएगी। संस्था द्वारा किसी प्रकार की कोई धनराशि स्वीकार नहीं की जाएगी।

आयोजन परिवारों को केवल ढोलक वादक को पारिश्रमिक के रूप में मात्र 300 एवं दरबार व अन्य सामान लाने एवं ले जाने के लिए रिक्शा किराए के रूप में मात्र 100 रुपये ही देने होंगे।

बैठक में श्रीमद् हनुमत सेवा समिति के संस्थापक सुभाषचंद्र कौशिक, पवन कौशिक महाराज, पंकज भटनागर, एडवोकेट यतेंद्र शर्मा, मयंक अग्रवाल, तरुण शर्मा शास्त्री, डॉक्टर अनुज वर्मा, धर्मेंद्र पंवार, मेघराज सिंह एवं अन्य सेवक उपस्थित रहे।

# विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगे थे 97 हजार

## पुलिस व साइबर सेल की टीम ने देहरादून से किया गिरफ्तार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार पुलिस व साइबर सेल की टीम ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक से ठगी करने वाले शातिर ठग को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। ठग ने युवक से विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 97,000 रू. की आनलाइन ठगी कर ली थी।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 सितंबर को स्थानीय निवासी सोनम बिष्ट द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनके भाई को वीरेंद्र सिंह नाम के एक व्यक्ति द्वारा साऊथ अफ्रीका में अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसने कुछ पैसे मांगें। मेरे भाई ने उस व्यक्ति पर विश्वास कर उसके बताए खातों में 97,000 रू. की धनराशि ट्रांसफर कर दी। इसके बाद उसने उनके फोन उठाने बंद कर दिये। इसके बाद उन्हें धोखाधड़ी होने का अहसास हुआ और उन्होंने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई।

पीड़िता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी एवं ठगी का खुलासा करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह व क्षेत्राधिकारी निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम एवं साइबर सर्विलांस टीम ने मामले की जांच करते हुए पाया कि उक्त धोखाधड़ी में विरेन्द्र नहीं ब्लकि अनिल रावत, निवासी- ग्राम भल्डयाणा, कंडीसौड़, टिहरी गढ़वाल संलिप्त था। इस तथ्य की पुष्टि होने पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी अनिल रावत,पुत्र स्वर्गीय अजीत रावत को देहरादून से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तारशुदा आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कुछ समय पहले वह ओमान में नौकरी करता था। वीजा खत्म होने के बाद वह भारत वापस आ गया था। उसे पैसों की तंगी भी हो गई थी, साथ ही वह जानता था कि कि बहुत सारे लोग नौकरी के लिए विदेश जाना चाहते हैं इसलिए उसने कम समय में अधिक पैसा कमाने के लिए लोगों से विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करनी शुरू कर दी।

# जीएमओयू की यातायात समिति पर लगाया अनदेखी का आरोप

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** यातायात कंपनी जीएमओयू से जुड़े वाहन स्वामियों व चालक, परिचालकों ने कंपनी की यातायात समिति पर उनके हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। कहा कि यातायात समिति की बैठक में संचालक मंडल की ओर से वाहन स्वामियों और चालक परिचालकों की अनदेखी की गई और उनकी बातों को अनसुना किया गया।

## वाहन स्वामियों, चालकों, परिचालकों ने दी आंदोलन की चेतावनी

इस संबध में शुक्रवार को आयोजित बैठक में वाहन स्वामियों व चालक-परिचालकों ने कहा कि दिन के पहले सत्र में कंपनी की यातायात समिति की बैठक हुई, जिसमें वाहन स्वामियों व चालक-परिचालकों को अपनी बात कहने का मौका नहीं दिया गया। साथ ही अधिक बोलने पर वाहन को कंपनी से बाहर का रास्ता दिखाने की चेतावनी दी गई। कहा कि कंपनी प्रबंधन पूर्व प्रबंधन की भांति तानाशाही पर उतर आया है। वाहन स्वामियों को पूर्व कंपनी अध्यक्ष द्वारा कंपनी का नाम बदलने के संबध में चल रही कार्रवाई से भी अवगत नहीं कराया गया और न ही कंपनी में आय के सापेक्ष की गई नियुक्तियों को स्थगित करने की मांग मानी गई। चेतावनी दी कि यदि कंपनी प्रबंधन की ओर से 27 नवंबर को होने वाली वार्षिक बैठक में सभी वाहन स्वामियों और चालक×परिचालकों को शामिल नहीं किया गया तो वे आंदोलन पर बाध्य होंगे। बैठक में सुरेंद्र सिंह रावत, धर्म सिंह, मातबर सिंह, सत्यांनद भट्ट, सुखेदव सिंह, अमरदेव बहुगुणा, मनोज नैनवाल, विजेंद्र सिंह, सोहन सिंह, केशर सिंह, राम सिंह असवाल और रमेश सिंह सहित अन्य वाहन स्वामी और चालक परिचालक मौजूद रहे।

# हैप्पी होम स्कूल में छात्र परिषद का गठन

## अमीषा राज चुनी गई स्कूल कैप्टन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत जौनपुर स्थित हैप्पी होम स्कूल में गुरूवार को दोपहर बाद आयोजित अलंकरण समारोह में नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को पदभार ग्रहण कराने के साथ उन्हें दायित्व सौंपे गये। स्कूल प्रांगण में आयोजित समारोह का निदेशिका उषा सिंह की उपस्थिति में उद्घाटन हुआ। छात्र परिषद में अमीषा राज स्कूल कैप्टन चुनी गईं। मनीष शर्मा हेड ब्वॉय और हिमानी हेड गर्ल बनीं। मयंक नौडियाल स्पोर्ट्स कैप्टन, मांडवी कल्चरल हेड, इशिता मित्तल कल्चरल सचिव व समीक्षा अनुशासन हेड चुनी गई। वहीं ब्लू हाउस से प्रियांशु रावत व प्रियांशी नेगी, रेड हाउस से गौरव खेतवाल व गार्गी रावत, ग्रीन हाउस से मयंक रावत व सृष्टि कुकरेती, येलो हाउस से तनिष्क व श्रेया ठाकुर हाउस कैप्टन बने। स्कूल प्रीफेक्ट्स के रूप में ब्लू हाउस से खुशी, शुमाइला, तमसी अब्बासी, रेड हाउस से श्रेया, रिया व अल्फा, ग्रीन हाउस से तनुज व जस्सी, येलो हाउस से लक्की सोढी, दीक्षा जोशी व अनुष्का झा चुने गए। अनुशासन कमेटी में सक्षम, अयान हुसैन, आस्था, नैना द्विवेदी, निदा अमीन और रितिका को चयनित किया गया। तत्पश्चात सभी नव निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई।

# मैदानी एकता मंच ने समारोह किया आयोजित

## 30 चिन्हित राज्य आन्दोलनकारी किये सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के उपलक्ष में पर्वतीय मैदानी एकता मंच की ओर से महेंद्र सिंह रावत और मतलूब अहमद मंसूरी समेत 30 चिन्हित राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया। नजीबाबाद रोड़ स्थित एक वेडिंग पॉइंट में आयोजित सम्मान समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, पूर्व पालिका अध्यक्ष ठाकुर विजय नारायण सिंह तथा मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट पी के अग्रवाल ने संयुक्त ने रूप से किया। इस अवसर पर महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने कहा कि आंदोलनकारियों के बलिदान व अथक प्रयासों के बाद हमें पृथक उत्तराखंड राज्य प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर चिन्हित राज्य आंदोलनकारियों महेंद्र रावत, भगवती प्रसाद कंडवाल, पंकज उनियाल, पीतशरण जोशी, सुनीता बिष्ट, पंकज भट्ट, बेला डोबरियाल, चंद्रा रावत, राकेश लखेड़ा, राजीव गौड़ एवं



मतलूब अहमद मंसूरी समेत 30 लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच के जिला अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, संजय नेगी, सुरेंद्र लाल आर्य, विनोद नेगी, रमेश खंतवाल, जनार्दन ध्यानी, साधो सिंह बिष्ट, राकेश अग्रवाल आदि शामिल थे।

# 22 नवम्बर से होगा 'भरत महोत्सव' का आयोजन, समिति का गठन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** डू समथिंग सोसाइटी की ओर से शुक्रवार को कण्वघाटी स्थित सोसाइटी कार्यालय में आयोजित बैठक में 22 से 24 नवंबर तक आयोजित होने वाले भरत महोत्सव के नौवें संस्करण के संचालन के लिए महोत्सव आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति में राजेन्द्र प्रसाद पन्त को अध्यक्ष, रिपुदमन सिंह व जे पी ध्यानी को उपाध्यक्ष, डा. मंजू कपरवाण व बीना मित्तल को महिला उपाध्यक्ष, शंकर दत्त गौड व राजेन्द्र बिष्ट को महोत्सव सचिव, रेखा नेगी व डा. अनुराग शर्मा को महोत्सव सह-सचिव, दीपक कुकरेती व शूरवीर खेतवाल को संयोजक, विकास देवरानी, सुनीता नैथानी, कविता रावत व ज्योति कुलाश्री को सह-संयोजक, अशोक जखमोला, सोहन लाल भारद्वाज, देवेन्द्र सिंह बिष्ट व ठाकुर सिंह गुसांई को क्रीड़ा सचिव, नितिश कुमार को सांस्कृतिक सचिव व शशिभूषण अमोली, दिनेश चन्द्र, राहुल कुमार व अरूण असवाल को प्रचार सचिव चुना गया।

# अंतर्राज्यीय साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया

**हरिद्वार ( चिंगारी )। श्रवण सेवा एवं शोध संस्थान के तत्वावधान में डॉ. मेनका त्रिपाठी के संयोजन में हिन्दी सेवा समूह ने एक अंतर्राज्यीय साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. पुष्पा रानी वर्मा ( पूर्व उप निदेशक शिक्षा ), मुख्य अतिथि श्रीमती रमा त्यागी ( वरिष्ठ साहित्यकार गाजियाबाद, विशिष्ट अतिथि प्रो. बापू राव देसाई महाराष्ट्र ), प्रो. जयंत कर शर्मा ( उड़ीसा ), प्रो. विष्णु सरवदे ( आंध्र प्रदेश ) और श्रीमती मधु खन्ना ( देहली, वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया ) थीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अशोक गिरि ( समूह संचालक ) ने किया। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. मेनका त्रिपाठी की पुस्तक , 'तितली के पंखों पर' ( यात्रा संस्मरण ) का लोकार्पण, कविता - पाठ तथा विचार - गोष्ठी ( विषय हिन्दी की वैश्विक स्थिति और हम ) का आयोजन किया गया।**




अपराजिता ने अपने मधुर कण्ठ से सरस्वती वन्दना का पाठ किया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. मेनका त्रिपाठी ने बाहर से आए अतिथियों के परिचय के साथ- साथ सभी का स्वागत किया। अपराजिता,वृन्दा 'वाणी', डॉ. सुशील त्यागी, दीनदयाल दीक्षित, डॉ. विजय त्यागी, डॉ. मेनका त्रिपाठी,रमा त्यागी, मधु खन्ना और डॉ. पुष्पा रानी वर्मा इत्यादि ने कविता पाठ किया।गोष्ठी में अपने विचार रखते हुए डॉ. एन. पी. सिंह ने कहा, कि प्रयोजनमूलक हिन्दी के प्रचार प्रसार की आवश्यकता है। प्रो. जयंत ने कहा, कि विदेशों में हिन्दी की स्थिति हमारे लिए प्रेरणाप्रद है। प्रो. विष्णु ने मातृ भाषा के महत्व को बताते हुए, हिन्दी की स्थिति को सुदृढ़ करने की बात कही। प्रो. बापू राव ने मुक्त कण्ठ से समूह के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हिन्दी विश्व भाषा बनने की दिशा में अग्रसर है। मधु खन्ना ने केन्द्र सरकार द्वारा हिन्दी के वैश्विक प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। रमा त्यागी ने हिन्दी को विदेशों में भारतीयों की सम्पर्क भाषा बताया। डॉ. अशोक गिरि ने केवल भारत में ही नहीं , अपितु पूरे विश्व में हिन्दी की गद्य विधाओं के लेखन पर जोर दिया। डॉ. पुष्पा रानी वर्मा ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में सभी की रचनाओं की समीक्षा की तथा हिन्दी के प्रचार -प्रसार के लिए हिन्दी सेवा समूह की भूमिका की सराहना की।कार्यक्रम में डॉ. नरेश मोहन, दीपक पंवार,मनुज त्रिपाठी,उमा त्यागी, प्रमोद वर्मा, प्रीति, आराध्य और प्रभव इत्यादि ने भी अपने विचार रखे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# बिजनौर मिल नहीं खरीद रहा 5009 प्रजाति का गन्ना, किसानों ने शुरू किया धरना

बिजनौर ( चिंगारी ) बिजनौर शुगर मिल द्वारा 5009 प्रजाति का गन्ना खरीदने से इन्कार करने पर किसानों में ज़बरदस्त आक्रोश है। नाराज़ किसानों ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत व भारतीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले मिल पर नारेबाज़ी करते हुए खूब हंगामा किया। किसानों ने शुगर मिल पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। धरने पर बैठे किसानों का नेतृत्व भाकियू के वीरेंद्र सिंह, दीपक तोमर, विनीत चौधरी, महावीर सिंह, मुनेंद्र काकरान भारतीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार



उर्फ बिट्टू आदि कर रहे हैं। किसानो के अनुसार धरना शुरू करने से पूर्व उन्होंने मिल प्रशासन से वार्ता की थी लेकिन मिल प्रशासन 5009 प्रजाति का गन्ना खरीदने को राज़ी नहीं हुआ जिसपर किसानों को अनिश्चितकालीन धरना शुरू करना पड़ा। किसानों का कहना है कि धरने में किसानों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। धरना तब तक जारी रहेगा, जब तक मिल प्रशासन 5009 प्रजाति का गन्ना खरीदने को राजी नहीं हो जाता। धरने पर किसानों की भीड़ बढ़ती जा रही है। धरने में कई संगठनों के किसान शामिल हैं।

# बिजनौर में पकड़ी गई नकली खाद बनाने की फैक्ट्री

## फैक्ट्री सील, एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी

## एसडीएम सदर व उप कृषि निदेशक की टीम ने मारा छापा

बिजनौर (चिंगारी)। शहर में नकली खाद बनाने की एक मिनी फैक्ट्री का भण्डाफोड़ हुआ है। आज सुबह एसडीएम सदर रितु रानी व उप कृषि निदेशक घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने फैक्ट्री पर छापा मारकर भारी मात्रा में नकली खाद पकड़ा। फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। प्रशासन संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी कर रहा है। आज सुबह करीब साढ़े 10 बजे एसडीएम सदर रितु रानी, तहसीलदार आशीष सक्सेना व उप कृषि निदेशक घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने चक्कर रोड पर एचपी गैस एजेंसी के निकट स्थित कृष्णा पुरम में रोहित पुत्र राकेश कुमार के मकान पर छापा मारा। इस मकान के निचले हिस्से में एक बड़ा गोदाम है। टीम ये देखकर अचम्भित रह गई कि गोदाम



में नकली खाद तैयार किया जा रहा था। नकली खाद के सैकड़ों कट्टे वहां मौजूद थे। बताया जाता है कि ये गोदाम बरूकी क्षेत्र के ग्राम हकीकतपुर निवासी हितेष कुमार पुत्र जितेंद्र ने किराये पर ले रखा है। हितेष कुमार मौके पर नहीं मिला। आसपास के लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उक्त गोदाम में पिछले करीब 5 माह से नकली खाद बनाने का कार्य चल रहा था। अधिकारियों ने गोदाम को सील कर दिया है। इस सम्बंध में एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी चल रही है।

## नकली खाद बनते देख अचम्भित रह गई टीम

### पहले बनती थी मैगी

उक्त गोदाम में इससे पहले मैगी बनाई जाती थी। लोगों का कहना है कि मैगी भी अवैध रूप से बनाई जाती थी। तब भी गोदाम पर छापा पड़ा था। छापा पड़ने के बाद ही मैगी का कारखाना बंद हुआ था।



### जिला कृषि अधिकारी जिम्मेदार- दिगम्बर



भाकियू अराजनीतिक युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौ. दिगम्बर सिंह ने नकली खाद बनाये जाने की फैक्ट्री पकड़े जाने पर त्वरित टिप्पणी करते हुए कहा कि उक्त फैक्ट्री कृषि विभाग के संरक्षण में चल रही होगी। उन्होंने कहा कि नकली खाद बनाये जाने की फैक्ट्री चलने के जिम्मेदार जिला कृषि अधिकारी हैं।


गीजर ही गीजर



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्व, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



Gents Specialist

Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat

CLASSIC TAILORS

9927060150

CLASSIC SHOES

CLASSIC Shoes

M: 9897041426

NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus

Add.: Chahshireen Road, Bijnor